भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1518
31 जुलाई,2026 को उत्तर देने के लिए

तमिलनाडु में परिचालित मेगा फूड पार्क

1518 श्री प्रवीण चक्रवर्ती:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तिथि तक प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना के अंतर्गत तमिलनाडु में स्वीकृत और परिचालित मेगा फूड पार्कों तथा कृषि प्रसंस्करण समूहों की संख्या कितनी-कितनी है;
(ख) राज्य में ऐसी प्रत्येक सुविधा में संस्वीकृत तथा वास्तव में प्राप्त प्रसंस्करण/परिरक्षण क्षमता क्रमशः कितनी है;
(ग) अनुमानित रोजगार की तुलना में वास्तव में कितना रोजगार सृजित हुआ है; और
(घ) क्या तमिलनाडु में कोई स्वीकृत सुविधा अभी भी गैर-परिचालित है, यदि हां, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री
(श्री चिराग पासवान)

(क) से (ग): प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत, दिनांक 30.06.2026 तक, तमिलनाडु राज्य के लिए एक मेगा फूड पार्क (एमएफपी) और 14 कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर (एपीसी) को स्वीकृति दी गई थी। तमिलनाडु के तिरुनेलवेली ज़िले में तमिलनाडु राज्य कृषि विपणन बोर्ड को स्वीकृत किया गया एमएफपी एक चल रही परियोजना है, जिसकी प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता 5.9 एलएमटी प्रति वर्ष है और इसके परिचालित होने के बाद 5700 रोज़गार के अवसर सृजित होंगे।

इसी प्रकार, स्वीकृत 14 एपीसी में से दो एपीसी पूर्ण हो चुके हैं और एक एपीसी परिचालित हो गया है, जिससे स्वीकृत क्षमता 5.59 एलएमटी प्रति वर्ष और अनुमानित रोजगार के अवसर 17,913 की तुलना में 3.03 एलएमटी प्रति वर्ष की प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता का निर्माण हुआ है और 2,762 रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। तमिलनाडु में पीएमकेएसवाई के अंतर्गत स्वीकृत एमएफपी और एपीसी का विवरण और उनकी कार्यान्वयन स्थिति **अनुबंध** में दी गई है।

(घ): तमिलनाडु में एमएफपी परियोजना के संचालन में देरी मुख्य रूप से खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को भूखंड पट्टे पर देने में देरी और उनके परिचालन के कारण है। इसी तरह, तमिलनाडु में एपीसी परियोजनाओं के परिचालन में देरी मुख्य रूप से वैधानिक स्वीकृति प्राप्त करने, भूमि अधिग्रहण, नियामक स्वीकृति प्राप्त करने आदि में लगने वाले समय के कारण है।

*****

अनुबंध

दिनांक 31.07.2026 को उत्तर हेतु "तमिलनाडु में परिचालित मेगा फूड पार्क" के संबंध में राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1518 के भाग (क) से (ग) के संदर्भित

तमिलनाडु में पीएमकेएसवाई के अंतर्गत स्वीकृत मेगा फूड पार्क और कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर्स का विवरण और उनके कार्यान्वयन की स्थिति:

(करोड़ रुपये में)

#	परियोजना का नाम	ज़िला	स्वीकृति की तिथि	परियोजना लागत	स्वीकृत अनुदान सहायता	जारी अनुदान सहायता	स्थिति
क . मेगा फूड पार्क (एमएफपी)							
1	तमिलनाडु राज्य कृषि विपणन बोर्ड	तिरुनेलवेली	23.06.2021	77.02	23.64	17.52	कार्यान्वयन के अंतर्गत
ख . कृषि -प्रसंस्करण क्लस्टर (एपीसी)							
1	मेसर्स जेएफके इंटरनेशनल	कोयंबटूर	01.08.2019	16.71	4.19	3.78	पूर्ण
2	मेसर्स पी दुरईसामी महाराजा राइस मिल्स प्राइवेट लिमिटेड	तिरुपूर	03.10.2019	26.83	8.77	6.23	कार्यान्वयन के अंतर्गत
3	मेसर्स तिरुवन्नामलाई मार्केट कमेटी	तिरुवन्नामलाई	29.04.2020	25.506	5.75	1.81	कार्यान्वयन के अंतर्गत
4	मेसर्स सलेम मार्केट कमेटी	सलेम	29.04.2020	25.252	5.98	1.88	कार्यान्वयन के अंतर्गत
5	मेसर्स थेनी मार्केट कमेटी	थेनी	29.04.2020	26.308	6.00	1.89	कार्यान्वयन के अंतर्गत
6	मेसर्स धर्मपुरी मार्केट कमेटी	कृष्णागिरी	29.04.2020	26.826	5.89	1.86	कार्यान्वयन के अंतर्गत
7	मेसर्स मदुरै मार्केट कमेटी	मदुरै	29.04.2020	32.066	5.79	3.91	कार्यान्वयन के अंतर्गत
8	मेसर्स डिंडीगुल मार्केट कमेटी	डिंडीगुल	29.04.2020	29.018	6.74	2.12	कार्यान्वयन के अंतर्गत
9	मेसर्स कुड्डालोर मार्केट कमेटी	कुड्डालोर	29.04.2020	25.002	5.98	1.88	कार्यान्वयन के अंतर्गत
10	मेसर्स डेल्टा फूड्स	पुदुक्कोट्टई	08.06.2020	24.3125	7.47	6.26	परिचालित
11	मेसर्स वामसी आरएस औद्योगिक क्षेत्र	इरोड	17.11.2021	33.167	9.14	6.17	कार्यान्वयन के अंतर्गत
12	मेसर्स इंटीग्रेटेड सर्विस पॉइंट प्राइवेट लिमिटेड	तिरुवल्लुर	28.02.2024	42.635	9.56	9.56	पूर्ण
13	यू एंड वी एग्रो	तिरुपूर	13.03.2026	29.03	10.00	0.00	कार्यान्वयन के अंतर्गत
14	एम आर मणिवेनी फूड्स लिमिटेड	तिरुवल्लुर	13.03.2026	30	8.23	0.00	कार्यान्वयन के अंतर्गत

****